07.10.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर के नाहरगढ़ में टाइगर सफारी का लोकार्पण किया।
- प्रदेश में आरटीडीसी और हुडको के बीच बड़ा समझौता–पर्यटन विकास के लिये 415 करोड़ रूपये का ऋण मिलेगा।
- सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा–2021 पर गठित मंत्रियों की कमेटी की पहली बैठक जयपुर में सम्पन्न।
- राष्ट्रीय पोषण माह–2024 की गतिविधियों में राजस्थान को देशभर में चौथा स्थान मिला।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर के नाहरगढ़ में टाइगर सफारी का फीता काटकर लोकार्पण किया। प्रदेशवासियों को मिली इस सौगात से अब वन्य जीव प्रेमी जयपुर में भी टाइगर सफारी का आनंद ले सकेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान में दो बाघ शावकों का नामकरण भी किया। मुख्यमंत्री ने मादा बाघ शावक का नाम 'स्कंदी' तथा नर बाघ शावक का नाम 'भीम' रखा। श्री शर्मा ने वन विभाग और जेडीए के संयुक्त प्रयासों से शुरू हुई टाइगर सफारी से प्रदेश में पर्यटन को एक नई शुरूआत मिली है। साथ ही, इससे बाघों के संरक्षण और संवर्धन को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन पर विशेष जोर दे रहा है। प्रदेश में तीन नेशनल पार्क, 26 अभयारण्य, 36 कन्जर्वेशन रिजर्व तथा 4 बायोलॉजिकल पार्क विकसित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे बाघ संरक्षण प्रयासों से उनकी आबादी बढ़ रही है। राजस्थान में लगभग 130 बाघ हैं। उन्होंने कहा कि जेडीए ने जयपुर जिले में दो नए पार्क विकसित किए हैं। जिनमें जीरोता में नगर वन और नेवटा के पास बायोडायवर्सिटी पार्क शामिल हैं। कार्यक्रम में वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि टाईगर सफारी से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

........................

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा जयपुर में 4 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से 30 हेक्टेयर में टाइगर सफारी विकसित की गई है। इस टाइगर सफारी में 7 किलोमीटर का सफारी ट्रैक विकसित किया गया है।

000

प्रदेश में पर्यटन विकास के लिये हुडको 415 करोड़ रूपये का ऋण देगा। इस संबंध में राजस्थान पर्यटन विकास निगम आरटीडीसी और हुडको के बीच समझौता हुआ है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं पर अभी बहुत काम किया जाना है। उन्होंने कहा कि हुडको के साथ आज हुए एमओयू से पर्यटन विकास के लिए वित्तीय संबल मिलेगा। इससे राजस्थान में पर्यटन विकास को और गति मिलेगी। एमओयू पर आरटीडीसी की प्रबंधक निदेशक सुषमा अरोड़ा और हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख सुधीर भटनागर ने हस्ताक्षर किये। इस मौके पर पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन भी मौजूद थे।

000

केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय आने वाले दिनों में 100 खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करेगा। आज नई दिल्ली में फिक्की द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री पासवान ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण के दौरान मूल्यवर्धन सुनिश्चित करते हुए अपशिष्ट

को कम करने के लिए 50 विकिरण इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी। श्री पासवान ने कहा कि भारत को वर्ल्ड फूड बास्केट बनाने के लिये उद्योग के सभी हितधारक मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि भारतीय मानकों को भविष्य में वैश्विक मानकों के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए और उद्योग को भारत में मौजूद उत्पादों की विविधता का पूरा उपयोग करना चाहिए।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में केंद्रीय आयुष मंत्रालय के अधीन संचालित संस्थानों में सात लाख से अधिक लोग उपचार लेकर लाभांवित हुए हैं। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. निधी महाजन तथा महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जयपुर के सहायक निदेशक डॉ. बी. आर मीणा ने आज आयुष मंत्रालय की ओर से वर्तमान सरकार की ओर से पहले सौ दिनों में किये गये कार्यों की जानकारी दी। श्री मीणा ने बताया कि मंत्रालय का प्रयास रहा है कि आम जन को गुणवत्तापूर्ण आयुष चिकित्सा मिले, आयुष चिकित्सा संस्थानों का विकास और विस्तार हो तथा नये शोध किये जायें।

..........................

000

जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने आज जयपुर के जवाहर सर्किल थाने में जनसुनवाई की और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में उन्हें निस्तारित करने के निर्देश दिए।

000

.................

सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा–2021 के बारे में निर्णय के लिये गठित मंत्रियों की कमेटी की आज पहली बैठक हुई। जयपुर के राज्य सचिवालय में हुई बैठक में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप– एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने अब तक हुई गिरफ्तारियों और गड़बड़ी के सबूतों पर प्रेजेंटेशन दिया। फिलहाल, कमेटी एसओजी से मिली रिपोर्ट पर विचार करेगी। आज की बैठक में कोई फैसला नहीं हो पाया। अगली बैठक 10 अक्टूबर को होगी। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कैबिनेट सब कमेटी के संयोजक और कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि इस मामले में अब तक 100 से ज्यादा गिरफ्तारी हुई हैं। कई और लोग भी रडार पर है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बड़े मगरमच्छ पकड़े जाएंगे और अच्छी खबर मिलेगी। गौरतलब है कि इस मामले में सरकार की ओर से छह मंत्रियों की कमेटी बनाई गयी है। कैबिनेट सब कमेटी में श्री पटेल के साथ स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, खाद्य मंत्री सुमित गोदारा, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और पीडब्ल्यूडी राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार को सदस्य बनाया गया था।

000

राष्ट्रीय पोषण माह–2024 के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की प्रविष्टियों में राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान को चौथा स्थान मिला है। इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र को पहला, बिहार को दूसरा और छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान मिला। समेकित बाल विकास सेवा निदेशक ओ पी बुनकर ने बताया कि पोषण माह में जनआंदोलन डैशबोर्ड पर गतिविधियों की एंट्री की जानी थीं, इसमें राजस्थान में काफी बेहतर काम हुआ है।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाडे के दौरान आमजन और यात्रियों को जागरूक कर उनकी सहभागिता के साथ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि पखवाड़े के तहत स्वच्छ स्टेशन तथा स्वच्छ रेलगाडी दिवस पर स्टेशनों पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता के स्तर को परखा गया। पखवाड़े के दौरान आज रेलवे ट्रैक के दोनों ओर सफाई की गई। पखवाड़े में स्वच्छ परिसर के तहत रेल परिसर, कार्यस्थल और आवासीय क्षेत्रों में सफाई की जाएगी। स्वच्छ आहार और स्वच्छ नीर दिवस पर सभी खान–पान इकाइयों में सफाई पर विशेष बल दिया जाएगा और सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रियों को गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री और पेयजल उपलब्ध हो।

000

समग्र शिक्षा अभियान के तहत दौसा में आज से जिला स्तरीय विज्ञान मेला शुरू हुआ। 9 अक्टूबर तक चलने वाले विज्ञान मेले का उद्‌घाटन पूर्व विधायक शंकर शर्मा ने किया। इस विज्ञान मेले में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही बच्चों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाएगी जिसमें विभिन्न प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया जायेगा। बाड़मेर ज़िले के गुड़ामालानी में भी आज ज़िला स्तरीय विज्ञान मेला शुरू हुआ। तीन दिन तक चलने वाले विज्ञान मेले में ज़िले के विभिन्न स्कूलों के बाल वैज्ञानिक हिस्सा ले रहे हैं। विज्ञान मेले का मुख्य उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना है।

000

वन विभाग की ओर से आयोजित वन्य जीव सप्ताह के तहत आज सवाईमाधोपुर में समापन समरोह हुआ। इस मौके पर सवाईमाधोपुर में राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सप्ताह भर आयोजित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को वन विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया।

000

पाली में अन्तराष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के अन्तर्गत आज पुलिस द्वारा केन्द्रीय विद्यालय और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांगड की 100 बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें महिला सुरक्षा सलाह केन्द्र की जानकारी दी गई। छात्राओं के साथ हेल्प लाईन नम्बर 181, 1090,1091 साझा किये गये और इन्दिरा महिला शक्ति केन्द्र द्वारा कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम के बारे में बताया गया।

000